पत्रिका

मुख्यमंत्री शर्मा की तरफ से भेजा गया आमंत्रण, कुछ से सीएम ने की बात... अदाणी और अंबानी समूह के चेयरमेन आएंगे या फिर उनके प्रतिनिधि

इन्वेस्टमेंट समिट में देश के नामी उद्योगपति आएंगे, नवाचार पर करेंगे बात

सूची में 22 बड़े उद्योगपति शामिल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में विदेश की बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि और देश के नामी उद्योगपति आएंगे। ऐसे बड़े 22 उद्योगपति शामिल हैं। वहीं, अदाणी और अंबानी समूह के चेयरमेन आएंगे या उनके प्रतिनिधि, अभी तक साफ नहीं है। बताया जा रहा है कि इन सभी उद्योगपतियों को मुख्यमंत्री की तरफ से आमंत्रण भेजा गया था। इनमें से कुछ को फोन भी किया गया।

कई उद्योगपति 8 दिसम्बर को ही पहुंच जाएंगे। इन्हें रिसीव करने से लेकर होटल में ठहराने, पर्यटन स्थलों पर घुमाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को नियुक्त कर दिया है। इनमें से कुछ की प्रदेश के उद्योगपतियों के साथ मीटिंग भी कराई जाएगी। कुछ उद्योगों में नवाचार पर चर्चा करेंगे।

धरा पर उतरे निवेश

देश के ये बड़े उद्योगपति आएंगे

महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. के चेयरमैन आनंद महिन्द्रा, वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, नेसले इंडिया के सीएमडी सुरेश नारायण, बोइंग इंडिया के सलिल गुप्ते, वोल्वो ग्रुप इंडिया के एमडी कमल बाली, जेसीबी इंडिया के एमडी एवं सीईओ दीपक शेट्टी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के सीएमडी नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू स्टील लि. के सीईओ जयंत आचार्य, जेके सीमेंट के सीईओ माधव सिंघानिया, हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन अशोक हिंदुजा, अवाडा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल, टाटा प्रोजेक्टस के एमडी विनायक पाई, ऑयल इंडिया लि. के सीएमडी रणजीत रथ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य प्रबंध निदेशक मनोज जैन, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा व अन्य कंपनियों के मालिक व प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनके अलावा अन्य उद्योगपतियों से भी बात चल रही है।

एमएसएमई, निर्यात, हस्तशिल्प, पर्यटन, स्वच्छ ऊर्जा और खनिज नीतियां आज होंगी जारी

जयपुर @ पत्रिका. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने को लेकर कई विभागों से जुड़ी 9 नई नीतियां बुधवार को जारी करेंगे।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपति एवं स्टेक होल्डर्स मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान एमएसएमई नीति, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान एवीजीसी एण्ड एक्सआर नीति, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, राजस्थान खनिज नीति और राजस्थान एम-सैंड नीति-2024 को जारी करेंगे।

इन नीतियों का हाल ही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन किया गया था। इन नीतियों से समिट में आने वाले निवेशकों को मजबूत आधार मिलेगा।